Calgary

यार्डस्मार्ट

# योजना और डिज़ाइन

कुछ योजना और डिज़ाइन युक्तियां आपको एक सुंदर यार्ड बनाने में मदद कर सकती हैं जो कम रखरखाव वाला, कम लागत का और पर्यावरण पर आसान है।



# सफलता के लिए कदम

निम्नलिखित दस यार्डस्मार्ट योजना और डिज़ाइन सिद्धांतों का पालन करना आपको कैलगरी में बागवानी की सफलता के लिए स्थापित करेगा।

## चरण 1. मूल बातों की रूपरेखा बनाएं

अपनी मौजूदा साइट का प्रारंभिक माप बना कर शुरूआत करें। इसका बिल्कुल सही होना ज़रूरी नहीं है, लेकिन एक स्केल का उपयोग करना, जैसे कि प्रत्येक ग्रिड को लगभग दो फीट के बराबर बनाना, मदद करेगा।

नक्शे पर बनाई जाने वाली पहली चीज़ें हैं:

- उत्तर कहाँ है
- आपकी प्रापर्टी की लाइनें

बगीचे या यार्ड की योजना बनाते समय, आपको अपनी रीयल प्रॉपर्टी रिपोर्ट (Real Property Report) का हवाला लेना चाहिए, जो आमतौर पर आपके मॉर्टगेज (mortgage) दस्तावेजों के साथ होती है। यह आपके यार्ड का नक्शा होता है और आपकी प्रॉपर्टी और यूटिलिटी लाइनों को दिखाता है।

## चरण 2. अपने यार्ड को जानें

कुछ समय निकालें और इसे जानने के लिए अपने यार्ड में घूमें। आपको जो भी मिले , उसे नोट करें। उपलब्ध कराई गई साइट विश्लेषण चेकलिस्ट का उपयोग करते हुए अपने स्केच में पहले से मौजूद फीचरों को शामिल करें, जैसे आपका घर, गैरेज और वाकवे।

धूप के एक्सपोज़र पर ध्यान दें, दिन के अलग-अलग समय पर इसके लिए देखें और धूप वाले और छायादार क्षेत्रों को नोट करें, खासकर यदि आपके पास मौजूदा पेड़ हैं। अपने घर के अंदर से दृश्यों पर विचार करें और संभवतः अपने यार्ड से परे के दृश्यों पर विचार करें जिन्हें आप ब्लॉक करना चाहते हैं।

जल निकासी को ध्यान में रखें। क्या आपके यार्ड में कोई ऐसा क्षेत्र है जहां पानी अच्छी तरह से नहीं निकलता है, कुंड बन जाता है या गीला रहता है?इसे नोट करें ताकि आप गीले तल का आनंद लेने वाले पौधे को चुनकर उस जगह का लाभ उठा सकें।

यह आपका बुनियादी रेखाचित्र है और आप इस पर निर्माण करना जारी रखेंगे, इसलिए इसकी कई प्रतियाँ बनाना सहायक होगा।

**पेड़ों और झाड़ियों को लॉनों या वार्षिक और पेरेनियल्ज़ की तुलना में कम देखभाल की आवश्यकता होती है।**

## चरण 3. अपने लैंडस्केप की जरूरतों और इच्छाओं को प्राथमिकता दें

सबसे अच्छा उद्यान वह है जो आपको खुश और आरामदायक बनाता है। अपनी वर्तमान और भविष्य की जरूरतों और चाहतों के बारे में सोचें। यह आपको कई वर्षों तक अपने बगीचे के आनंद को अधिकतम करने में मदद करेगा।

## चरण 4. रखरखाव की आवश्यकताओं पर विचार करें

कम रखरखाव वाले पौधों और हार्डस्केप्स (पैटियोज़, वॉकवेज़, आदि) के साथ सम्मिलित विचारवान डिज़ाइन रखरखाव के समय को कम करेगा। उदाहरण के लिए:


- गहराई से ढलान वाले लॉन क्षेत्रों से दूर रहें क्योंकि वहां से घास काटना मुश्किल है।
- पेड़ों और झाड़ियों को लॉनों या वार्षिक और पेरेनियल्ज़ की तुलना में कम देखभाल की आवश्यकता होती है।
- उच्च आवागमन वाले क्षेत्रों के बारे में सोचें जहां घास या पौधों को स्थापित करना और बनाए रखना मुश्किल होगा। इन मामलों में, फ्लैगस्टोन जैसी पारगम्य सतहों से बने वॉकवे एक अच्छा विकल्प हैं।

## चरण 5. एक बजट निर्धारित करें

तय करें कि आप अपने यार्ड पर कितना खर्च करना चाहेंगे। याद रखें - आपको यह सब एक बार में करने की ज़रूरत नहीं है! अपनी योजना बनाएं ताकि इसे कई सीज़नों के दौरान चरणों में किया जा सके।








बुनियादी स्केच। चरण 1 - 7: अपने यार्ड का नक्शा बनाएं और भविष्य की चाहतों और जरूरतों के बारे में सोचें।

## **चरण 6.** पहचानें कि आप अपने यार्ड में विभिन्न स्थानों का उपयोग कैसे करना चाहेंगे

उन क्षेत्रों के बारे में सोचें जिन्हें आप मनोरंजन, खेल के लिए उपयोग करना चाहेंगे या वह निजी स्थान जिसे आप अपने हैमक (hammock) के लिए पसंद करेंगे। शायद आप सब्जियां उगाने के लिए एक क्षेत्र चाहते हैं? अपने पालतू जानवरों, भंडारण और अपने घर में दाखिल होने में आसानी वाले क्षेत्रों पर विचार करें। फ्रंट यार्ड जैसे क्षेत्रों का उपयोग आमतौर पर आपके घर को फ्रेम करने और इसे आकर्षक बाहरी दिखावट देने के लिए किया जाता है, लेकिन अन्य विकल्पों पर विचार करें जैसे कि बैठने की छोटी जगह।

## **चरण 7.** अपने डिज़ाइन को शुरू करें

अपने आधार चित्र का उपयोग करके, आपके द्वारा पहचाने गए उपयोग क्षेत्रों को सर्कल और नोट करें। इन स्थानों को व्यवस्थित करने और बनाने के तरीकों के बारे में सोचना शुरू करें।

## **चरण 8.** अपना स्केच सुधारें

अपने द्वारा पहचाने गए प्रत्येक क्षेत्र में उन तत्वों को ड्राइंग करके अपने स्केच में सुधार करना शुरू करें जिन्हें आप देखना चाहते हैं। पेड़, झाड़ियाँ, पौधे, वॉकवे, फव्वारे, प्राइवेसी स्क्रीन इत्यादि। फिर से, चिंता मत करें, इसका बिल्कुल सही होना ज़रूरी नहीं है और आपको इस स्तर पर विशिष्ट पौधों को जानने की आवश्यकता नहीं है - पेड़ या झाड़ी नोट करना बहुत होगा।

अपने स्केच के साथ कल्पना करने और खेलने का आनंद लें। देखने के लिए प्रेरणादायक स्थानीय उद्यानों के बारे में सुझावों के लिए लाइब्रेरी या **calgary.ca/yardsmart** पर जाएँ।

जल प्रबंधन को ध्यान में रखकर योजना बनाएं:

क) समान पानी की ज़रूरत वाले पौधों को एक साथ समूह करें। केवल उन पौधों को पानी देके समय की बचत करें जिन्हें इसकी आवश्यकता है; उन पौधों को अधिक पानी देने से बचें, जिन्हें इसकी आवश्यकता नहीं हैं।

ख) ढलान वाली फुलवारी योजना बनाएँ ताकि सबसे ज्यादा पानी की ज़रूरत वाले पौधे ढलान के सबसे निचले हिस्से में हों।

ग) इस बात पर विचार करें कि आप किस तरह से पानी देंगे और अपनी क्यारियों को वहाँ बनाएं और ऐसे आकार दें ताकि स्प्रिंकलर सिस्टम और सॉकर होज़ उन तक आसानी से पहुँच सकें।





# चरण 9. अपने पौधों का चयन करें


यह मजेदार हिस्सा और एक महत्वपूर्ण कदम है। सही पौधों का चयन करने के लिए थोड़ा समय निकालने से आप पैसे बचाएंगे और लंबे समय में स्वस्थ, जीवंत यार्ड सुनिश्चित करेंगे। "सही जगह पर सही पौधा" नियम का ध्यान रखें। इसके आधार पर पौधों का चयन करें:

- सहिष्णुता
- धूप की आवश्यकताएं
- नमी की आवश्यकताएं
- मिट्टी और जल निकासी की आवश्यकताएँ
- सुंदरता
- आकार
- बनावट
- मौसमी - ऐसा बगीचा बनाने का लक्ष्य रखें जो साल भर अच्छा लगे
- फूल
- फल/खाद्य पदार्थ
- छाल
- परिपक्व आकार (चौड़ाई और ऊंचाई) - याद रखें कि वे बढ़ेंगे।

यार्डस्मार्ट पेरेनियल्ज़ (YardSmart perennials) और यार्डस्मार्ट ट्रीज़ एंड श्रब्ज़ (YardSmart Trees and Shrubs) ब्रोशरों से हवाला लें या हमारी बढ़ने की परिस्थितियों के अनुकूल पौधों के एक बहुत बड़े चयन की जानकारी के लिए **calgary.ca/yardsmart** पर जाएं।

अपनी योजना की रूपरेखा बनाना बिल्कुल सही होनी ज़रूरी नहीं है, लेकिन एक स्केल का उपयोग करना, जैसे कि प्रत्येक ग्रिड को दो फुट के बराबर बनाना, मदद करेगा। नक्शे पर बनाने वाली पहली दो चीजें हैं, की उत्तर किस ओर है और आपकी प्रापर्टी की लाइनें कहाँ हैं।






1. छायादार पेड़
2. सदाबहार पेड़
3. सदाबहार झाड़ी
4 झड़ने वाली बड़ी झाड़ी
5. झड़ने वाली मध्यम झाड़ी
6 फूलों वाला पेड़
7. फूलों वाली बड़ी झाड़ी
8. फूलों वाली मध्यम झाड़ी
9. फूलों वाली छोटी झाड़ी
10. वार्षिक क्यारी
11. पेरेनियल क्यारी
12. प्रेरी घासें

संशोधित स्केच।

डिज़ाइन के लिए कुछ पॉइंटर:

- पौधों के एक बड़े समूह का सिर्फ एक पौधे की तुलना में अधिक प्रभाव पड़ेगा।
- परिपक्वता के समय पेड़ के आकार को ध्यान में रखते हुए, उन पेड़ों को चुनें जो रणनीतिक रूप से वहाँ छाया प्रदान करें जहां जरूरत हो।
- बगीचे के पीछे के भाग में पेड़ या लंबी झाड़ियां (यदि स्थान हो तो) लगाकर परतें बनाएं, फिर मध्यम झाड़ियां और पौधे, फिर छोटे पौधे और फिर सामने की ओर जमीन को ढकने वाले पौधे।
- बगीचे के प्रत्येक मुख्य क्षेत्र में एक केंद्र बिंदु रखें - यह आपके द्वारा पसन्द की जाने वाली एक झाड़ी हो सकती है, क्लेमेटिस ऑन ए ट्रेलिस (clematis on a trellis), या एक बर्ड बाथ (bird bath)। कुछ पौधों की प्रजातियों को यार्ड के एक क्षेत्र से दूसरे तक दोहराएं।
- माप का अंदाज़ा ध्यान में रखें। यदि आपके पास एक छोटा लौट और घर है, तो बहुत बड़े पौधों का चयन न करें जो स्थान को अभिभूत कर देंगे।
- जब बात रुचि की हो तो फूलों से परे सोचें। उस रंग, रूप और बनावट को ध्यान में रखें जो घास, झाड़ियाँ और ज़मीन को ढकने वाले पौधे प्रदान करते हैं।
- आपको कुछ ऐसे फीचर पौधे शामिल करने चाहिए जो पूरे साल अच्छे दिखें जैसे सदाबहार झाड़ियाँ या जूनिपर्स।
- आम तौर पर, एक विषम संख्या जैसे कि तीन, पांच या सात समान संख्या की तुलना में देखने में अधिक आकर्षक होती है।
- आप बेड, वॉकवे और पेटिओज़ को सीधा या घुमावदार डिजाइन कर सकते हैं। जो भी आप चुनें, उसे हर जगह एकसार रखें।


## **चरण 10.** पौधों के नाम शामिल करें

अब आप अपने चुने हुए पौधों के नामों को एक संकेतिका का उपयोग करके डिजाइन में शामिल करें। खरीदारी को आसान बनाने के लिए, आपको पौधों के वनस्पति (botanical) और आम नामों को नोट करना चाहिए। उदाहरण के लिए, पर्पल कोनफ्लॉवर (Purple Coneflower) के लिए वानस्पतिक नाम एकिनेशिया परपुरिया (Echinacea purpurea) है।

मल्च, मिट्टी और पौधों के सुझावों के लिए **calgary.ca/yardsmart** पर जाएं।







रिसाइकल किए कागज पर मुद्रित। 2017-0200

## साइट विश्लेषण चेकलिस्ट: अपने बगीचे का खाका बनाने के लिए इस ग्रिड का उपयोग करें।

माप: एक वर्ग (square) = ______________________________

- [ ] माप चुना गया
- [ ] उत्तर का तीर
- [ ] घर
- [ ] दरवाज़े, खिड़कियां
- [ ] अन्य इमारतें
- [ ] हवा
- [ ] धूप
- [ ] छाया
- [ ] अच्छे दृश्य
- [ ] बुरे दृश्य
- [ ] सड़कें, ड्राइववे
- [ ] साइडवॉक्स
- [ ] पैटियोज़, डेकस
- [ ] मौजूदा पेड़
- [ ] मौजूदा झाड़ियाँ
- [ ] किनारे, ढलानें
- [ ] जल निकासी के मुद्दे
- [ ] डाउनस्पाउटस (Downspouts)
- [ ] युटिलिटी लाइनें
  - पानी/सीवर लाइनें
  - बिजली की लाइनें
  - फोन/केबल लाइन

अपनी परियोजना शुरू करने से पहले
अल्बर्टा वन कॉल (Alberta One Call) (**1-800-242-3447** या **www.albertaonecall.com**) को अपनी युटिलिटियों के बारे में पता लगाने के लिए सम्पर्क करना सुनिश्चित करें।